प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– मनरेगा से बहुत बेहतर व्यवस्था है जी राम जी कानून, मजदूरों को काम मिले यह सरकार का प्रयास, कांग्रेस पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने और आम जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत।
- लोकभवन की ओर से गंभीर रोग से पीड़ित रांची के चार नागरिकों को इलाज के लिए दी गई सहायता राशि, सांसद संजय सेठ ने राज्यपाल संतोष गंगवार के प्रति जताया आभार।
- पेसा कानून की नियमावली पर भाजपा ने उठाए गंभीर सवाल, ग्राम सभा को कमजोर करने का लगाया आरोप, सत्ता पक्ष ने कहा– सबके सुझावों पर लिया गया है निर्णय।
- महिला हॉकी लीग में आज दोपहर तीन बजे से बंगाल टाइगर्स और रांची रायल्स के बीच होगा मुकाबला।

*****************

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है विकसित भारत के लिए विकसित गांव का संकल्प पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी कानून बहुत बड़ा रिफॉर्म है और यह मनरेगा से बहुत बेहतर व्यवस्था है। प्रेस वार्ता में श्री चौहान ने कहा कि मजदूरों को काम मिले यही सरकार का प्रयास है । उन्होंने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी क़ानून श्रमिकों के हित में है क्योंकि इसमें बढे हुए भुगतान, बेरोजगारी भत्ता, विलम्बित भुगतान पर ब्याज और सौ की तुलना में सवा सौ दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विकसित भारत जी राम जी क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है।

*****************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आम जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। कोडरमा के चंदवारा प्रखंड के अलग–अलग क्षेत्र में पांच विकास योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। शिलान्यास कार्यक्रम के अलावे केन्द्रीय मंत्री ने चंदवारा थाना क्षेत्र से लापता युवक दर्शील बर्णवाल के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

*****************

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आज से दो दिवसीय देवघर प्रवास को लेकर पूरे जिले में प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। आगमन के साथ ही उनका कार्यक्रम आस्था के साथ प्रशासनिक कार्य से जुड़ा रहेगा ।

*****************

रांची के सांसद संजय सेठ ने बताया कि उनकी अनुशंसा पर झारखंड लोक भवन की ओर से गंभीर रोग से पीड़ित रांची के चार नागरिकों को इलाज के लिए कुल दो लाख पैंसठ हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। उन्होंने इस सहायता के लिए राज्यपाल संतोष गंगवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी लाभार्थियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

*****************

सड़क सुरक्षा माह को लेकर राज्य भर में  ट्रैफिक नियमों के पालन और जन जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चतरा जिले में जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ रवाना किया गया । जो राहगीरों और वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन और यातायात से जुड़े संकेतों से अवगत कराने का कार्य कर रहा है वहीं जिला मुख्यालय में चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासी समाज के साथ छल करने और खनन माफिया और धर्मांतरण गिरोहों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। इधर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार द्वारा पेसा कानून को लेकर बनाई गई नियमावली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जमशेदपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने आरोप लगाते हए कहा कि यह कानून ग्राम सभा को सशक्त करने के बजाय उसे कमजोर करता है। श्री सोरेन ने इसे आदिवायियों के साथ धोखा बताया और कहा कि इस मुद्दे पर समाज के लोगों से चर्चा की जाएगी और जरूरत पड़ी तो इसका विरोध भी किया जाएगा।

वहीं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रांची में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि सबके सुझाव पर सरकार ने निर्णय लिया है इसपर कोई विवाद नहीं है ।

*****************

साहिबगंज जिले में पोषण और जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोषण वाटिका लगाने के लिए किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संजीव कुमार ने कहा कि जिले में संचालित स्कूलों के अध्यापकों और किसानों को भी इसके फायदे को बताकर पोषण वाटिका लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

यहां के पोषण वाटिका की देखरेख कर खरीफ और रबी की सब्जी और फल की खेती करने वाले किसानों ने भी बताया कि इससे न सिर्फ उनके पैसों की बचत होती है बल्कि शरीर को भी पोषण मिलता है।

*****************

पश्चिम सिंहभूम जिले में दुष्कर्म के बाद हत्या के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में सदर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी ने बताया कि इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

*****************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 26 हजार 200 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 52 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित महिला हॉकी लीग में आज दोपहर तीन बजे से बंगाल टाइगर्स और रांची रायल्स के बीच मुकाबला होगा ।

*******समाप्त*********